## एक नजर में

### तंबाकू मुक्त अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम



**मंदसौर।** शहर के सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज में तंबाकू मुक्त अभियान के तहत एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञोंए समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने एक स्वर में समाज को तंबाकू के जहर से मुक्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी डीन डॉण् कार्तिक सालवीयए जिला प्रेस क्लब के संरक्षक श्री ब्रजेश जोशीए अशासकीय शिक्षण संस्थान के संरक्षक रमेशचंद्र चंद्रेए जिला तंबाकू नियंत्रण समिति के सदस्य करण सिंह परिहारए प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन लाल हाडा और महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी श्रीमती ज्योति देवड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी डीन डॉण् कार्तिक सालवीय ने कहा कि तंबाकू केवल एक बुरी आदत नहींए बल्कि यह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रमुख द्वार है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार तंबाकू का सेवन शरीर के हर अंग को प्रभावित करता हैए इसलिए युवाओं को विशेष रूप से इससे दूर रहना चाहिए। जिला प्रेस क्लब संरक्षक श्री ब्रजेश जोशी ने मीडिया और समाज की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता ही तंबाकू पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी हथियार है। जब तक समाज का हर व्यक्ति जागरूक होकर दूसरों को नहीं रोकेगाए तब तक यह अभियान पूर्ण सफल नहीं हो सकता। शिक्षाविद् रमेशचंद्र चंद्रे ने शिक्षण संस्थानों में तंबाकू विरोधी वातावरण बनाने पर जोर दियाए वहीं तम्बाकू नियंत्रण समिति सदस्य करण सिंह परिहार ने जिला तंबाकू नियंत्रण समिति की गतिविधियों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी साझा की। श्री गोवर्धन लाल हाडा और श्रीमती ज्योति देवड़ा ने सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को इस अभियान की सफलता के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र .छात्राओंए मेडिकल स्टाफऔर रीना कहार सहित सभी नागरिकों ने तंबाकू मुक्त समाज बनाने की शपथ ली। वक्ताओं ने सामूहिक रूप से आह्वान किया कि स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू का त्याग केवल व्यक्ति के लिए ही नहींए बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज के हित में है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

### जरूरतमंद की सेवा ही सच्चा धर्म . योग गुरु सुरेन्द्र जैन

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा अपना घर में नरेन्द्र मारू परिवार के सहयोग से बच्चों में खुशियां बांटी गई। रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनीए सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि स्वण् बापुलाल मारू की पुण्यतिथि के अवसर पर अपना घर में प्रोजेक्ट आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि जरूरतमंद की सेवा ही सच्चा धर्म है। आपने बच्चों से कहा कि मन लगाकर अपना अध्ययन करें। श्रीमती शशि मारू ने कहा कि अपना घर के बच्चे अपनी लगनए मेहनत से आगे बढ़ेंए उन्हें किसी भी चीज की कमी या जरूरत हो तो मारू परिवार हमेशा मदद के लिये तैयार है। इस अवसर पर प्रारंभ में स्वागत भाषण आगामी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने दिया। आगामी सहायक मंडलाध्यक्ष पवन पोरवाल ने कहा कि रोटरी क्लब मंदसौर लगातार सेवा के कार्य कर रहा है। मंडल 3040 के 105 क्लबों के मध्य मंदसौर क्लब का नाम सेवा में अग्रणी है। पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कीमती ने कहा कि मारू परिवार समाज सेवा में अग्रणी है। कार्यक्रम का संचालन सीएण् दिनेश जैन ने किया। आभार नरेन्द्र मारू ने माना। इस अवसर पर मारू परिवार के वरिष्ठ अजीत मारू भी उपस्थित थे।

## नागर ब्राह्मण समाज ने हाटकेश्वर जयंती पर्व मनाया

**मन्दसौर। नागर ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान हाटकेश्वर का जयंती पर्व स्थानीय हाटकेश्वर धाम मंदिर मंदसौर पर नागर ब्राह्मण समाज के सपरिवार सदस्यों द्वारा पूर्ण भक्तिभाव से मनाया गया।**



इस अवसर पर भगवान हाटकेश्वर का अभिषेक आचार्य पंडित प्रकाश नागर द्वारा सम्पन्न करवाया गया। अभिषेक के यजमान विवेक नागर प्राचार्य लॉ कॉलेज नीमच संग श्रीमती तृप्ती नागर ने सपरिवार एवं प्रभाशंकर मेहता संग श्रीमती मधु मेहता बने। अभिषेक के बाद उपस्थित सामाजिक बन्धुओं द्वारा महाआरती की जाकर प्रसादी वितरण किया गया।

इस अवसर पर समाज के सचिव सतीश नागर द्वारा आगामी भडलीया नवमी पर्व 23 जुलाई 2026 को भगवान हाटकेश्वर का पाटोत्सव कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह एवं समाजध्न्यास की साधारण सभा के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सुझाव देने का आग्रह किया।

मंदसौर क्षेत्र के समाज के किसी भी सदस्य के यहां किसी स्वजन के निधन होने पर न्यासध्समाज द्वारा उनके स्वजन जिनके द्वारा क्रियाकर्म सम्पन्न किया गया है को समाज के द्वारा पगड़ी दस्तुर में पगड़ी बंधवाई जाने के निर्णय की जानकारी दी गई।

समाज के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश नागर खड़ावदा एवं मोहनलाल नागर शक्करखेड़ी के बीमारी से शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। समाज के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित किये जाने के बाद स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष बाबूलाल नागर, पूर्व अध्यक्ष रमेशचन्द्र नागरए कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र नागर, सचिव सतीश नागरए बालकृष्ण दवे, प्रवीण मेहता, गोविन्द प्रसाद नागरए योगेन्द्र नागरए मुकेश नागरए डॉण् राजेन्द्र नागरए चन्द्रशेखर नागरए हरीश दवेए प्रवीण मेहता किटयानीए यश दवेए श्रीमती कलाबेन नागरए महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती भगवतीदेवी नागरए उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा नागरए प्रांतिय पदाधिकारी श्रीमती मुक्ति मेहताए श्रीमती रेखा नागरए श्रीमती अलका नागरए श्रीमती निर्मला नागरए श्रीमती कविता नागरए श्रीमती मिनल नागरए श्रीमती अर्चना दवेए श्रीमती दीपिका मेहताए श्रीमती विशाखा दवेए श्रीमती तृप्ती मेहताए मास्टर मनाल नागरए कुमारी लहक आदि बालवृंद ने भाग लेकर धर्म का लाभ लिया गया। ये जानकारी समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर ने दी। आभार गोविन्द प्रसाद नागर एवं धीरेन्द्र नागर ने माना।



## कपूर परिवार के सहयोग से बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की

**मंदसौर।** रोटरी सैटेलाइट विमेंस क्लब द्वारा सेवा और समर्पण की भावना को चरितार्थ करते हुए एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन नई आबादी स्थित बस स्टैंड के पीछे संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुआए जहाँ क्लब की चार्टर्ड प्रेसिडेंट श्वेता कपूर की पूजनीय सास की पुण्यतिथि के अवसर पर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र.छात्राओं को दैनिक शिक्षण में उपयोगी सामग्री जैसे कॉपीए पेनए पेंसिल के साथ.साथ पानी की बोतलें और चॉकलेट्स का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष निशा कुमावत ने कहा कि किसी की याद को जीवित रखने का सबसे सुंदर तरीका यही है कि हम उन मासूम बच्चों की मदद करेंए जो हमारे देश का भविष्य हैं।

शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे ये बच्चे अपने सपनों को सच कर सकते हैंए और हमारी कोशिश है कि संसाधनों की कमी उनके रास्ते में बाधा न बने। उन्होंने श्वेता कपूर परिवार के इस कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर क्लब सचिव श्रीमती सरिता चंचल सोनीए प्रोजेक्ट चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता कपूरए क्लब सदस्य मालती भाटीए देवांशी कपूर सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रही। अंत में आभार क्लब सचिव सरिता चंचल सोनी ने माना।



## पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

**मन्दसौर।** नईआबादी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एमडी और डोडाचूरा की खेप बरामद की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी ईमरान पिता अफजल खान ;32द्ध निवासी डगए जिला झालावाड़ ;राजस्थानद्ध को मंदसौर.नीमच हाईवे स्थित अघोरिया फंटा के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 500 ग्राम एमडी ;कीमत लगभग 5 लाख रुपयेद्ध एवं 5 किलोग्राम डोडाचूरा ;कीमत 10 हजार रुपयेद्ध सहित दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

मामले में आरोपी सहित उसके साथियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। पूछताछ में फरार आरोपी जाफर खान का नाम सामने आया हैए जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन मेंए थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर एवं टीम द्वारा की गई। मामले में आगे की जांच जारी है।

**एक नजर** — 3 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से विशाल भंडारा

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नाहरगढ़ में भव्य आयोजन

**नाहरगढ।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नाहरगढ़ नगर में आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। नगरवासियों की श्रद्धा के केंद्र श्री नानक्या बाग हनुमान जी मंदिर में आगामी हनुमान जन्मोत्सव को इस वर्ष अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने की तैयारियां जोर.शोर से चल रही हैं। आयोजन समिति के अनुसारए 2 अप्रैल को नगर के प्रत्येक घर में रंगोली सजाई जाएगी और दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दिन मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन भी किया जाएगाए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



उत्सव की विशेष आकर्षण भव्य चल समारोह रहेगाए जिसमें दो प्रमुख डीजेए ढोल.नगाड़ों की गूंज और आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। भगवान श्री हनुमान जी की शानदार रथ यात्रा पूरे नगर में निकाली जाएगी। इस अवसर पर महिलाएं और युवतियां पारंपरिक एवं सनातनी वेशभूषा में सज.धज कर उत्साहपूर्वक भाग लेंगीए जिससे समारोह की शोभा और भी बढ़ेगी।

कार्यक्रम का समापन 3 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होने वाले विशाल भंडारे के साथ होगा। इस भंडारे में नाहरगढ़ नगर के समस्त नगरवासियों ने तनए मन और धन से बढ़.चढ़कर योगदान दिया है।

नगर में इस आयोजन को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है और आयोजकों का मानना है कि यह उत्सव नाहरगढ़ के इतिहास में एक यादगार अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

# नीमच

## एक नजर में

### तपस्या के बिना आत्मा का कल्याण नहीं होता है: मुक्ति प्रिया श्री जी

**नीमच।** तपस्या के बिना पाप कर्मों की निर्जरा नहीं होती है। तपस्या से मन पवित्र होता है। तपस्या की साधना के बिना आत्म कल्याण का मार्ग नहीं मिलता है। आयम्बिल तप करने से शरीर निरोगी रहता हैं। यह बात मुक्ति प्रिया श्री जी मसा ने कही। वे जैन श्वेतांबर भीड़ भंजन पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट श्री संघ नीमच के तत्वाधान में आयोजित शाश्वती तप आराधना नवपद ओली ?जी की धर्म सभा में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने जो कहा है सत्य ही है, हमें उनके बताएं उपदेशों के मार्ग पर चलना चाहिए। देशवीरती और सर्ववीरती धर्म सर्वप्रथम होती है। सुख दु :ख संकट में नवकार मंत्र निरंतर जाप करते रहना चाहिए इसे कभी भूलना नहीं चाहिए। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है मनुष्य को स्वस्थ शरीर के लिए नाडी के स्वर का ज्ञान भी होना चाहिए। धर्म सभा में साध्वी मृदु प्रिया श्री जी महाराज साहब ने कहा कि सम्यक ज्ञान दर्शन चारित्र के बिना जीवन आगे नहीं बढ़ता है। बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सही देखो सही जानो और सही करो सत्य पर स्वयं का विश्वास होना चाहिए। तभी सद्गति का मार्ग मिलता है। पाप कर्मों की निर्जरा के बिना पुण्य लाभ नहीं मिलता है। सम्यक दर्शन साथ है तो नर्क में भी आनंद आ सकता है। कर्ज उतारने से आनंद बढ़ता है। कर्ज कम होता है तो व्यक्ति सुखी होता है। व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में भी जीव दया पालन के साथ धर्म के मार्ग पर चलाएं उसे धर्मपत्नी कहते हैं। कष्ट के बिना तो संत भी महान नहीं बनते हैं। धन कमाना है तो भी कष्ट उठाना पड़ता है। मोक्ष पाना है तो तपस्या साधना आराधना का कष्ट भी उठाना पड़ता है तभी जीवन का कल्याण हो सकता है। मोबाइल से बच्चों को दूर रखना चाहिए नहीं तो यह परेशानी बच्चों की जीवन के लिए दुष्परिणाम साबित हो सकती है। आगे की गर्मी से रोटी, मिट्टी का घड़ा, ईंट और सूरज की गर्मी से आम परिपक्व होता है इसी प्रकार तपस्या करने से मनुष्य का शरीर परिपक्व होता है और आत्मा शुद्ध होती है। शुद्ध आत्मा से आसक्ति का त्याग होता है। तभी मोक्ष का फल मिलता है। कृष्ण महाराजा ने स्वयं दीक्षा ली और उनकी प्रेरणा से 8 .5 करोड़ लोगों ने संयम दीक्षा ली थी वह सभी मोक्ष गए थे। धर्म सभा में साध्वी शिवम प्रिया श्री जी मसा ने श्रीपाल मयना सुंदरी द्वारा नवपद की आराधना की तपस्या की साधना के प्रसंग का वर्णन प्रस्तुत करते हुए कहा कि ? श्रीपाल मयना सुंदरी ने नवपद ओली जी की तपस्या की आराधना करने से उनका कुष्ठ रोग मिट गया था और वह निरोगी हो गए थे।





## हनुमान जयंती पर हर्कियाखाल बालाजी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

- राज्यपाल थावरचंद गहलोत रहे मुख्य अतिथि
- नीमच में हनुमान जयंती की धूम: बालाजी धाम पर लाखों श्रद्धालु, 15 दिवसीय आयोजन का भव्य समापन

**नीमच।** जिले में हनुमान जयंती का पर्व इस वर्ष भी हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिले के प्रसिद्ध हर्कियाखाल स्थित बालाजी मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए और मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया।

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नीमच जिले के साथ-साथ पड़ोसी राज्य राजस्थान से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए पहुंचे।

परंपरा अनुसार आयोजित 15 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन हनुमान जयंती के दिन हुआ। इस विशेष अवसर पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और हवन में पूर्णाहुति दी। इस दौरान उनके पुत्र एवं पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक माधव मारू, सुवासरा विधायक एवं पूर्व मंत्री हरदीप सिंह डंग, गरोठ विधायक चंद्र सिंह सिसोदिया, मंदसौर भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

वहीं प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर हिमांशु चंद्र और एसपी अंकित जायसवाल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

हनुमान जयंती के अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

हर्कियाखाल स्थित बालाजी मंदिर क्षेत्र का एक प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां हर मंगलवार को विशेष चौकी का आयोजन होता है। इस चौकी में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और बालाजी महाराज के चरणों में अपनी अर्जी लगाते हैं। मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

आयोजन समिति द्वारा पिछले 28 वर्षों से हनुमान जयंती पर 15 दिवसीय इस विशेष आयोजन का निरंतर आयोजन किया जा रहा है, जो नवरात्रि की घट स्थापना से शुरू होकर हनुमान जयंती तक चलता है। इस दौरान यज्ञ, हवन, अनुष्ठान, 56 भोग, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और रामलीला जैसे कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे।

**एक नजर** — बुलडोजर कार्रवाई पर अड़े लोग, स्थिति नियंत्रण में

## नाबालिग से छेड़छाड़ के बाद पड़दा गांव में भारी बवाल, ग्रामीणों का पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**मनासा** थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पडदा में एक नाबालिग बालिका के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना ने गुरुवार को हिंसक रूप अख्तियार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी और त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव के ही एक अधेड़ अब्दुल रहमान पर नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। जैसे ही यह खबर गांव में फैली, ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। तनाव को देखते हुए पुलिस बल मौके पर पहुँचा, लेकिन ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस इस मामले में ढुलमुल रवैया अपना रही है।



**पथराव और पुलिस की कार्रवाई**– आक्रोशित ग्रामीणों और पुलिस के बीच बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। स्थिति को अनियंत्रित होता देख पुलिस ने पहले चेतावनी दी और फिर भीड़ को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। भारी पुलिस बल के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

**आरोपी हिरासत में, गांव छावनी में तब्दील**–प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी अब्दुल रहमान को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही, पुलिस पर हमला करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले उपद्रवियों की भी पहचान की जा रही है, जिनमें से कुछ को हिरासत में लिया गया है।

गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर पडदा गांव और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

### प्रशासन की अपील

स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नाबालिग के साथ हुई घटना मे मामला दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जा रही है।